राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Ph.: 0141-2706106 (O);

पत्रांक: CCE/ P&C/ ISDC/ Skill/2019/ 1205 Date: 06th Sept. 2019

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषयः सभी राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यो के साथ दिनांक 11 सितम्बर 2019 को प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 1.00 बजे तक वीडियो कॉन्फ्रेसिंग द्वारा संवाद के संबंध में।

राजकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिये राजस्थान कौशल एवं आजिविका विकास निगम (RSLDC) द्वारा मुख्यमंत्री युवा कौशल योजना (MMYKY) के अन्तर्गत चयनित राजकीय महाविद्यालयों में निःशुल्क कौशल कोर्सेज आरम्भ करवाये जा रहे हैं। इस संबंध में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर की ओर से विद्यार्थियों से आवेदन प्राप्त करने हेतु दिनांक 4 सितम्बर 2019 को पत्रांक 1198 द्वारा सर्कुलर जारी किया गया है।

इसी संबंध में दिनांक 11 सितम्बर 2019 को **को प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 1.00 बजे तक वीडियो कॉन्फ्रेसिंग द्वारा संवाद कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें शासन सचिव, उच्च शिक्षा, राजस्थान** एवं **शासन सचिव श्रम, कौशल एवं रोजगार के साथ साथ आयुक्त कॉलेज शिक्षा वीडियो कॉन्फ्रेसिंग द्वारा सभी राजकीय महाविद्यालयों के साथ संवाद करेंगे।**

अतः इस सबंध में निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 11 सितम्बर 2019 को **प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 1.00 बजे तक** निम्नानुसार निकटवर्ती वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग केन्द्र (अटल सेवा केन्द्र पर DOITC द्वारा स्थापित वीडियो कॉन्फ्रेन्स कक्ष) पर पहुंचना सुनिश्चित करें। इस बैठक में प्रत्येक महाविद्यालय से प्राचार्य तथा उनके साथ नवाचार एवं कौशल विकास प्रभारी अधिकारी सहित अधिकतम 02 व्यक्तियों को उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया जाता है। इस संबंध में लेख है कि –

1. **वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग दिनांक 11 सितम्बर 2019 को प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 1.00 बजे तक होगी,** अतः सभी आमंत्रित समय से निम्नलिखित अनुसार मीटिंग स्थल पर पहुंचना सुनिश्चित करें।
2. सभी आमंत्रित जिला मुख्यालय पर स्थित जिला कलैक्टर/जिला परिषद परिसर में स्थित DOITC वाले वीडियो कॉन्फ्रेन्स केन्द्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें।
3. ब्लॉक स्तर पर स्थित राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रभारी अधिकारी पंचायत समिति मुख्यालय में स्थापित DOITC वाले वीडियो कॉन्फ्रेन्स केन्द्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

Scanned by CamScanner

4. अधिशेष महाविद्यालयों के प्राचार्य निकटतम पंचायत समिति मुख्यालय में स्थापित DOITC वाले वीडियो कॉन्फ्रेन्स केन्द्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

5. सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रभारियों की उपस्थिति आवश्यक है। RACE योजना के नोडल प्राचार्य अपने सभी स्तर पर भी जिले के सभी प्राचार्यों को सूचित करवाया जाना सुनिश्चित करें।

प्रदीप कुमार बोरड़, IAS
विशिष्ठ शासन सचिव, उच्च शिक्षा, एवं
आयुक्त, कालेज शिक्षा, राजस्थान

पत्रांकः CCE/ P&C/ ISDC/ Skill/2019/ 1206-1210 Date: 06th Sept. 2019

सूचनार्थ प्रतिलिपी:

1. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री, उच्च शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. निजी सचिव, शासन सचिव, श्रम, नियोजन एवं कौशल विकास,, राजस्थान सरकार, जयपुर।
4. निजी सचिव, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान जयपुर।
5. निजी सचिव, प्रबंध निदेशक, राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम, जयपुर।
6. निजी सहायक, अतिरिक्त आयुक्त, कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान जयपुर।
7. तकनीकी निदेशक, सूचना, प्रोद्योगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि इस वीडियो कान्फ्रेन्सिग हेतु संबंधितों को आवश्यक व्यवस्था हेतु निर्देशित करें।
8. वित्तीय सलाहकार, आकाशि, जयपुर।
9. संयुक्त निदेशक, HRD/PI/P&C/Acad./Admn./RUSA/RVRES, आकाशि, जयपुर।
10. सभी सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान।
11. सभी प्रभारी अधिकारी, महाविद्यालय समूह, आकाशि, जयपुर।
12. वैब प्रभारी को आकाशि की वैबसाइट पर अपलोड/संबंधितों को ई-मेल करने हेतु।
13. रक्षित पत्रावली।

06/9/19

डा. विनोद कुमार भारद्वाज,
प्रभारी अधिकारी
नवाचार एवं कौशल विकास

Scanned by CamScanner